आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 07.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चंपावत में 3 सौ 19 करोड़ रूपये से अधिक की 20 परियोजनाओं को लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा के सोमेश्वर में विकास कार्यों की समीक्षा कर समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।
- वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत चमोली जिले के सीमांत क्षेत्र के पशुपालकों के मवेशियों के बेहतर उपचार के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल शुरु की।
- और.. उद्यम सिंह नगर रुद्रपुर में मोदी मैदान को 20 करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि से विकसित किया जाएगा।

---

**शारदा कॉरिडोर**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टनकपुर, चंपावत में जिले के समग्र विकास के लिए 300 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। इसके तहत शारदा कॉरिडोर के अंतर्गत एक सौ 7 करोड़ की लागत से शारदा घाट के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 85 करोड़ की लागत से इकोलॉजिकल कॉरिडोर कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से शिक्षा, सड़क, पर्यटन, आपदा प्रबंधन, शहरी विकास और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इससे सीमांत क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी व युवाओं, किसानों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और सांस्कृतिक विरासत के संतुलन से ही उत्तराखण्ड की पहचान मजबूत होगी और चम्पावत आने वाले समय में एक आदर्श, सशक्त एवं आत्मनिर्भर जनपद के रूप में स्थापित होगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित शारदा घाट में आयोजित पारंपरिक माघ खिचड़ी भोज कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि माघ मास श्रद्धा,सादगी और समरसता का प्रतीक है। खिचड़ी भोज जैसी परंपराएं समाज को जोड़ती हैं।

---

## महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण, बाल विकास और खेल मंत्री  रेखा आर्या ने विकास भवन अल्मोड़ा में सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत किए गए कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।  इस दौरान मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति के बाद मुख्यमंत्री को लोकार्पण और शिलान्यास के लिए आमंत्रित किया जाएगा।  उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जा रहा है और संबंधित विभागों को लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।
खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अल्मोड़ा के  डीना पानी में हाइ एल्टीट्यूड खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए तैयारी गतिमान है।

---

## वाइब्रेंट विलेज योजना

वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत चमोली जिले के सीमांत क्षेत्र के पशुपालकों के मवेशियों के बेहतर उपचार के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल शुरु की है। जिसके तहत प्रशासन की ओर से पशुपालन विभाग और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल को वेटरनरी मेडिकेयर यूनिट वाहन उपलब्ध कराया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से द्वितीय रक्षा पंक्ति के गांवों में विकास कार्यों के साथ ही अन्य सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन की ओर से सीमांत क्षेत्र के पशुपालकों की सुविधा के लिए वेटरनरी मोबाइल वाहन  उपलब्ध कराया गया है। जिसका संचालन आईटीबीपी के ओर से किया जाएगा।

---

## मैदान का कायाकल्प

उद्यम सिंह नगर जिले के जिला मुख्यालय रुद्रपुर अब खेल प्रतिभाओं के हब के रूप में पहचान स्थापित करने की ओर अग्रसर है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण मोदी मैदान में प्रस्तावित अत्याधुनिक इंडोर और आउटडोर स्टेडियम परियोजना शहर के विकास को गति देगा।  8 दशमलव 5 9 4 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर यह योजना बनायी जाएगी। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन ने बताया कि मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरुप मोदी मैदान में बच्चों के लिए ओपन गार्डन बनाया जा रहा है। 67 हजार स्क्वायर मीटर के क्षेत्रफल पर निर्माण कर अलग अलग जोन बनाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 20 करोड़ के बजट में बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया,रनिंग के लिए पेरिफेरी पर रनिंग ट्रैक, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एमपी थिएटर,स्टेज और लगभग 5 सौ वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को पूरा होने में लगभग एक वर्ष का समय लगेगा।

---

## 'गोदान' उत्तराखंड में टैक्स फ्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसान परंपरा, ग्रामीण जीवन और गोवंश के महत्व पर आधारित फिल्म 'गोदान' को उत्तराखंड में टैक्स फ्री करने के निर्देश दिए हैं। यह फिल्म 6 फरवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गाय केवल धर्म और आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की फिल्में समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता को बढ़ावा देती हैं, इसलिए इन्हें प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। धामी ने कहा कि राज्य सरकार गोवंश संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में गोसदनों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे निराश्रित और बेसहारा गोवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित से जुड़े विषयों पर आधारित फिल्मों और रचनात्मक प्रयासों को भविष्य में भी प्रोत्साहित करती रहेगी।

---

## निरीक्षण

उत्तरकाशी जिले के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने विकासखण्ड मुख्यालय मोरी और थाना मोरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। थाना मोरी के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी, अभिलेख संधारण और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जनसुनवाई में संवेदनशीलता, पीड़ितों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया।

---

## क्षेत्र भ्रमण

रूद्रप्रयाग जिले के सभी विकास खंड़ों के पंचायत अधिकारी सप्ताह के तीन दिन क्षेत्र भ्रमण करेंगे। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने इसके निर्देश जारी कर दिये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कतिपय ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी अपने तैनाती क्षेत्र में नियमित रूप से उपस्थित न होकर ब्लॉक मुख्यालय अथवा अन्य स्थानों पर रह कर कार्यों को कर रहे हैं। अपने कार्यक्षेत्र में न जाने से जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रभाव पड़ रहा है। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों व जिला पंचायरत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उनसे संबंधित ग्राम पंचायत विकास व ग्राम विकास अधिकारियों को सप्ताह के तीन दिनों में फील्ड भ्रमण करने व शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

------------------------------------------------------------

**परिवार रजिस्टर**

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में परिवार रजिस्टरों की जांच की जा रही है। जिसके तहत चमोली जिले के 615 ग्राम पंचायतों में भी जांच गठित समिति परिवार रजिस्टरों की जांच कर रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि परिवार रजिस्टरों की जांच के लिए जिला स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय जांच कमेटी का अध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी को नियुक्त किया गया है जबकि विकासखण्ड स्तर पर उपजिलाधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

------------------------------------------------------------